# गुरुदेव सूरिश्वर का 200वां जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास एवं गरिमा के साथ संपन्न

- **मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजय बने द्विशतावधानी**
- **मप्र शासन के केबिनेट मंत्री चेतन्य कश्यप सहित अनेक गणमान्य अतिथि रहे उपस्थित**

**नागदा। गुरुदेव विजय राजेन्द्रसूरिश्व के 200वें जन्मोत्सव के पावन निमित्त अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् शाखा नागदा जं. के तत्वावधान में आयोजित ऐतिहासिक द्विशतावधान कार्यक्रम नागदा नगर में श्रद्धा, उल्लास एवं गरिमा के साथ संपन्न हुआ।**

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश शासन के केबिनेट मंत्री चेतन्य कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही परिषद् परिवार के राष्ट्रीय व प्रांतीय पदाधिकारीगण, श्रीसंघ के सदस्य, विधायक तेजबहादुर चौहान, जिला ग्रामीण अध्यक्ष राजेश धाकड़ सहित नगर के अनेक गणमान्य अतिथि एवं सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण द्विशतावधानी मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजयजी ने अपनी विलक्षण स्मरणशक्ति से 200 विषयों के संयोजन अवधान प्रस्तुत कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। यह त्रिस्तुतिक श्रीसंघ के इतिहास का प्रथम अवसर रहा जब नागदा नगरी में ऐसा द्विशतावधान आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान वचनसिद्धि व्याख्यान वाचस्पति, परिषद् संस्थापक गुरुदेव यतीन्द्रसूरिश्वर महाराजा का जन्मोत्सव भी अत्यंत भावपूर्ण रूप से मनाया गया। अंत में मुनिराज पवित्ररत्न विजय ने मंगलपाठ कर उपस्थित श्रद्धालुओं को आशीर्वचन प्रदान किए।





कार्यक्रम उपरांत श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन श्रीसंघ व अतिथिगण का स्वामीवात्सल्य आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के सम्पूर्ण लाभार्थी अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् शाखा नागदा था। म.प्र. शासन के केबिनेट मंत्री चेतन्य कश्यप ने अपने उद्बोधन मे मुनिराज प्रत्यक्षरत्न विजयजी को द्विशतावधानी की उपाधि से सम्मानित किया।

इस अवसर पर अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् शाखा नागदा की ओर से आयोजक मंडल द्वारा सभी अतिथियों, समाजबंधुओं, परिषद् पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया गया। सभी अतिथिगणों का बहुमान परिषद द्वारा किया गया।

कार्यक्रम संयोजन ज्योति रिसॉर्ट नागदा में श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन श्रीसंघ,अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् शाखा नागदा, जयन्तराज चातुर्मास समिति नागदा द्वारा किया गया।

विशेष सहयोग शतावधान संचालन अभिषेक निलिशा सेठिया (उज्जैन), संगीतमय स्वागत आयुष बोहरा एवं संचालन अभिषेक कोलन, अखिल भारतीय राजेन्द्र जैन नवयुवक परिषद् के राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी ब्रजेश बोहरा ने बताया कि इस अवसर पर मुनिराज पवित्ररत्न विजय, मंत्री चेतन कश्यप, परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रकाश छाजेड, विधायक तेजबहादुर चौहान, शशिकांत व्होरा, राजेश धाकड़, हर्षित नागदा, मनोज वागरेचा ने अपने उद्बोधन दिए। स्वागत भाषण परिषद् शाखा अध्यक्ष दिलीप गांधी ने दिया तथा आभार प्रदर्शन पंकज कुंवर ने व्यक्त किया।



# दिवाली पर्व पर कानून व्यवस्था भंग करने वालों पर पुलिस ने की कार्रवाई

**नागदा जं. निप्र। दिवाली पर्व के अवसर पर नगर में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नागदा पुलिस द्वारा तत्परता और सख्ती से कार्रवाई की गई। थाना क्षेत्र में उत्पन्न आपसी विवादों और असामाजिक गतिविधियों की सूचना मिलते ही पुलिस बल ने त्वरित रूप से मोर्चा संभालते हुए कुछ व्यक्तियों और किन्नर समुदाय से संबंधित लोगों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 170 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है।**

थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सूचना मिलते ही ओझा कॉलोनी एवं इंदिरा कॉलोनी क्षेत्रों में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दोनों स्थानों पर अड़ोसी-पड़ोसी के बीच विवाद बढ़ने की सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर पहुंचकर थाना प्रभारी व पुलिस टीम ने दोनों पक्षों को समझाइश देते हुए शांति बनाए रखने की हिदायत दी। हालांकि चेतावनी के बावजूद कुछ व्यक्तियों द्वारा विवाद को बढ़ाया गया और उत्पात मचाने का प्रयास किया गया, जिसके चलते पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें हिरासत में लिया।

**इन पर हुई कार्रवाई**-इंदिरा कॉलोनी में कानूनी व्यवस्था को खराब करने वाले लखन पिता गोपाल प्रजापत, उम्र 25 वर्ष, राधेश्याम पिता देवचंद, उम्र 45 वर्ष, रोहित पिता महेश्वरी, उम्र 25 वर्ष, राहुल पिता पप्पु महेश्वरी, उम्र 30 वर्ष पर कार्रवाई की गई है। इसी प्रकार ओझा कॉलोनी एवं बिरलाग्राम क्षेत्र के किन्नर समुदाय से संबंधित व्यक्तियों हनी गुरु करिश्मा, उम्र 23 वर्ष, निवासी जी ब्लॉक बिरलाग्राम, करिश्मा चौहान गुरु कुमकुम बाई, उम्र 28 वर्ष, निवासी गवर्नमेंट कॉलोनी बिरलाग्राम, ममता पुरी उर्फ पिंटू गुरु पिंक प्रजापत, उम्र 26 वर्ष, निवासी ओझा कॉलोनी नागदा, जोया उर्फ गुरु पुनम जान, उम्र 36 वर्ष, निवासी चेतनपुरा नागदा, सुमित कुमार सांखला पिता महेश चंद्र सांखला, उम्र 23 वर्ष, निवासी ओझा कॉलोनी नागदा सभी आरोपियों को पुलिस ने शांति भंग की आशंका के तहत हिरासत में लेकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की है।

## एक नजर में

### पांच दिवसीय ऑनलाइन स्वदेशी पेंटिंग महोत्सव, दो दिन शेष, नंन्ही प्रतिभाओं में उमंग और उत्साह का माहौल

**नागदा जं. निप्र।** स्वदेशी के रंगों में आत्मनिर्भर भारत विषय पर आयोजित ऑनलाइन स्वदेशी पेंटिंग महोत्सव ने नगर में सृजनशीलता और देशभक्ति का नया जोश जगाया है। महोत्सव के पहले ही दिन से नगर के होनहार बच्चों एवं युवाओं द्वारा उत्साहपूर्वक अपनी-अपनी पेंटिंग्स भेजी जा रही हैं। विषय की गहराई और देशप्रेम से ओतप्रोत रचनाओं ने आयोजन को विशेष कर्षण प्रदान किया है। कार्यक्रम संयोजक युवा संस्कार परिवार, नागदा के अनुसार, अभी केवल दो दिन शेष हैं। ऐसे में नगर के सभी विद्यालयों, कला प्रेमियों एवं नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस राष्ट्रभावना से ओतप्रोत महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में सहभागी बनें। महोत्सव अवधिरू 21 से 25 अक्टूबर, पेंटिंग भेजने हेतु नंबर 9826411331, शीट ए4/ए3 कार्ड शीट, विषय स्वदेशी के रंगों में आत्मनिर्भर भारत। यह आयोजन न केवल रचनात्मक अभिव्यक्ति का माध्यम है, बल्कि स्वदेशी भावना को जन-जन तक पहुँचाने का एक सशक्त प्रयास भी है। आयोजक मंडल ने नगर के सभी कला प्रेमियों से आग्रह किया है कि वे अपने चित्रों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को रंगों में साकार करें और इस प्रेरणादायी पहल का हिस्सा बनने की अपील ब्राह्मण समाज युवा संस्कार परिवार एवं प्रतियोगिता संयोजक निलेश मेहता सहित, संगठन के सदस्यों द्वारा की गई।

### श्री शीतला माता गौशाला पर किया गोवर्धन पूजन



**उज्जैन।** अंकपात मार्ग स्थित शीतलामाता गौशाला में दीपावली के पश्चात् पड़वा के दिन गोवर्धन महाराज की विधीविधान से पुजा की गई। यहां लगातार 30 वर्षो से गौ माता की सेवा की जा रही है। शीतला माता गौ शाला के संचालक महंत बालकृष्ण दास ने बताया कि आज के दिन योगेश्वर बालरूप श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव का घमंड दूर करने के लिए गोकुल में गोवर्धन महाराज की पूजा की थी और सभी को उनके प्रकोप से बचाया था। तभी से गोवर्धन महाराज की पूजा कर अन्नकूट महोत्सव मनाने की धार्मिक परंपरा का सभी गौ प्रेमियों द्वारा पालन किया जाता है। उसी प्रकार शीतलामाता गौ शाला पर पिछले 30 वर्षो से यह परंपरा निभाई जा रही है और पूर्ण विधीविधान से पूजन अर्चन कर गौ माता की सेवा की जाती है। हमारे यहां पर लगभग 500 गौ माता की सेवा की जाती है। इसी के निमित्त हमारे यहां पर गोवर्धन महाराज तथा गौ माता की पूजा, सभी गौ सेवक अतिथियों के द्वारा की गई। जिसमें मुख्य रूप से समाजसेवी राजेश कुशवाह, विधायक महेश परमार, पूर्व सभापति सोनू गेहलोत, गोविंद शर्मा, गब्बर भाटी गोविन्द खंडेलवाल, गजेंद्र सकलेचा, भूपेंद्र सकलेचा, राकेश वनवट, सुनील कछवाय, विशाल पांचाल, डॉ. योगेश शास्त्री, जयंतिलाल कोठारी, रमेश जाट, डॉ. बर्वे, डॉ. घनश्याम शर्मा, बचन बोहरा, राजेश पांचल, मोहित तोतला, पुष्पेंद्र शर्मा आदि द्वारा गोवर्धन महाराज की पूजन अर्चन किया गया। यह जानकारी शीतला माता गौशाला के सदस्य भाजपा नेता विशाल पांचाल द्वारा दी गई।

### डॉ. नीलांजना के मार्गदर्शन में शांतिनाथ मंदिर में चढ़ाया निर्वाण लाडू



**उज्जैन।** नगर की धर्म धरा पर आध्यात्मिक चातुर्मास 2025 के अंतर्गत परम पूज्य साध्वी डॉ. नीलांजना की निश्रा में हो रहे तीन दिवसीय श्री महावीर स्वामी मोक्ष कल्याणक एवं गौतम स्वामी केवल ज्ञान निमित्त हो रही तप आराधना एवं जाप की पूर्णाहुति के अवसर पर शांतिनाथ जी मंदिर में निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। समाज अध्यक्ष अशोक कोठारी ने बताया कि सुबह मंदिर द्वारा उद्घाटन का लाभ बसंत राहुल सुराणा परिवार ने लिया। महावीर स्वामी जी को लाडू चढ़ाने का लाभ सत्येंद्र सुमित बोथरा परिवार, शांतिनाथ जी प्रभु को लाडू चढ़ाने का लाभ पूनमचंद अशोक कोठारी परिवार, गौतम स्वामी जी को लाडू चढ़ाने का लाभ जयकुमार जिनेंद्र चोपड़ा परिवार एवं दादा गुरुदेव को लाडू चढ़ाने का लाभ उषा देवी दिलीप चोपड़ा परिवार ने लिया। तत्पश्चात साध्वी के मुखारविंद से बड़े ही भक्ति भाव पूर्ण माहौल में गौतमरासा पाठ का वाचन किया गया। साथ ही साध्वी ने गौतम स्वामीजी के संपूर्ण जीवन चरित्र को विस्तार से समझाया। इस अवसर पर समाज के काफी सारे प्रबुद्धजनों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# राज्यस्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का रंगारंग शुभारंभ




**उज्जैन।** शालेय शिक्षा विभाग की 69 वीं राज्यस्तरीय कुश्ती क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ आज दिनांक 23 अक्टूबर 25 को क्षीसागर स्टेडियम के कुश्ती एरिना में उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति की अध्यक्ष शिवानी कुंवर देवड़ा, विजयसिंह चौहान, भूपेंद्र सिंह देवड़ा, ओम राजपूत, जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा, एडीपीसी गिरीश तिवारी, जिला क्रीड़ा अधिकारी पूरालाल शर्मा, सहायक संचालक क्रीड़ा, रामसिंह बनिहार आदि भी मंचासीन थे। मां सरस्वती के माल्यार्पण व पूजन से प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ।

अतिथियों का स्वागत जिला शिक्षा अधिकारी आनंद शर्मा, गिरीश तिवारी व पूरालाल शर्मा ने किया। स्वागत उद्बोधन व प्रतियोगिता की रूपरेखा आनंद शर्मा ने प्रस्तुत की। गोविंद हायर सेकेंडरी उज्जैन की बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि अनिल जैन ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल भावना से प्रतिस्पर्धा करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने संभाग व राज्य का नाम गौरवान्वित करें। प्रदेश सरकार उज्जैन शहर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनाने के लिए संकल्पित है। खेलों में देश को एक अलग पहचान दिलाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। जबलपुर की नैंसी बर्मन ने प्रतिभागियों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। अनिल जैन ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की विधिवत घोषणा की।

प्रचार प्रसार समिति के असीम पांड्या ने बताया कि इस पांच दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता में 9 संभागों के लगभग 400 खिलाड़ी छात्र व उनके कोच व मैनेजर सहभागिता कर रहे हैं। प्रतियोगिता अंतर्गत फ्री स्टाइल में 14 वर्ष समूह में बालक एवं बालिका तथा 17 व 19 वर्ष में ग्रीको रोमन में बालक व बालिकाओं के मुकाबले होंगे।

# महावीरनाथ किसी भी पद पर या संत, महामंडलेश्वर नहीं, फिर भी गर्भगृह में प्रवेश कैसे?

- **श्री महाकालेश्वर मंदिर पुजारीयान समिति का मुख्यमंत्री को ज्ञापन**

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में तथाकथित बाहरी व्यक्ति महावीरनाथ सेवक ऋणमुक्तेश्वर मंदिर द्वारा महाकाल मंदिर के गर्भगृह और नंदी हाल में नियमों, मर्यादा और मंदिर में आतंक, दादागिरी गाली गलौच करते हुए मंदिर के वरिष्ठ पुजारी को धक्का देकर मंदिर की छवि खराब की हैं। जिसको लेकर श्री महाकालेश्वर मंदिर पुजारीयान समिति द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया गया कि तथाकथित व्यक्ति महावीरनाथ किसी भी पद पर या संत, महामंडलेश्वर नहीं, फिर भी गर्भगृह में प्रवेश कैसे कर रहा हैं इसकी जांच होनी चाहिए।

मंदिर समिति पुजारी और पुरोहितों के हितों कि रक्षा और सम्मान के लिए प्रतिबद्ध है, इसलिए निवेदन किया है कि बाहरी व्यक्ति महावीरनाथ पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाकर एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की हैं।

एक तथाकथित संत महावीरनाथ ने अपने साथ दो से तीन लोगो को लेकर महाकाल गर्भगृह में प्रवेश कर किया था। उस समय मंदिर के वरिष्ठ पुजारी महेश पुजारी और पुरोहित नीरज शर्मा गर्भगृह में थे उस समय दोनो मंदिर के नियमो और मर्यादा की बात कर रहे थे, तब नीरज शर्मा ने महावीरनाथ से सिर पर बंधा हुआ फेटा निकालने का निवेदन मंदिर के नियम और गर्भगृह की मर्यादा का हवाला देते हुए किया तो महावीरनाथ ने अभद्रता दादागिरी और गाली गलौच करना शुरू कर दिया। और ईर्ष्यावश महेश पुजारी के साथ भी गाली गलोच अभद्रता और धक्का मुक्की करते हुए धक्का भी दिया। जिससे महेश पुजारी को गम्भीर चौट आई है विवाद की रिकार्डिंग मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में दर्ज है। इस महावीरनाथ का व्यवहार मंदिर में संतो के आचरण के विपरित आतंकवादियो के अनुरूप है, ऐसे लोग संत होने का नाजायज फायदा उठाते हुए मंदिर की मर्यादा को जानबुझकर तोडते है जिससे मंदिर समिति की बदनामी होती है जिस पर कार्रवाई किया जाना और रोकना अतिआवश्यक है।

# राठी परिवार की बहु का हृदयघात से निधन, परिवार ने कराया नेत्रदान

**नागदा जं. निप्र।** नगर के प्रतिष्ठित राठी परिवार की बहु जया राठी का 42 वर्ष की आयु में हृदयघात से निधन हो गया। बुधवार रात को यह दु:खद घटना उस समय घटी जब श्रीमती राठी तीर्थ यात्रा पर जाने वाले परिजनों को स्टेशन छोड कर पुन: घर लौट रही थी, रास्ते में ही अचानक उनकी तबीयत बिगडने पर अस्पताल ले जाया गया।

डॉ. सुनील चौधरी के हॉस्पिटल पहुँचने पर उनका निधन हो चुका था। श्रीमती राठी विभिन्न सेवा संस्थाओं से जुड कर रचनात्मक एवं सामाजिक कार्यो में बढ-चढ कर हिस्सा लेने वाली काफी सक्रिय महिला थी। वह लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर की सचिव एवं इनरव्हील क्लब पूर्व अध्यक्ष भी थी। मरणोपरांत श्रीमती राठी के नेत्रदान भी परिजनों द्वारा कराऐ गए।

रात 8.30 बजे श्रीमती राठी के आकस्मिक निधन की खबर नगर में फैलने के बाद इस दु:खद समाचार को सुनने वाले हर व्यक्ति को स्तब्ध देखा गया। परिजनों को भी नागदा से रवाना होने के बाद ट्रेन में इस घटना की जानकारी मिल चुकी थी। तदुपरांत तीर्थ यात्रा पर रवाना हुए सभी परिजन शामगढ स्टेशन पर उतर कर बस एवं अन्य वाहनों से रात्रि में ही नागदा लौट चुके थे। श्रीमती राठी का अंतिम संस्कार गुरूवार को सुबह 11 बजे चंबल तट स्थित मुक्तिधाम पर हुआ, यहाँ सामाजिक एवं व्यापारिक संगठनों के अलावा अनेक नागरिकों ने उपस्थित होकर उनके निधन पर शौक संवेदना व्यक्त की।

उल्लेखनिय है कि राठी के पति अनिल राठी का निधन भी कुछ वर्ष पूर्व लैह-लद्दाख की यात्रा के दौरान हृदयघात से हो गया था। श्रीमती राठी के निधन से राठी परिवार के साथ-साथ माहेश्वरी समाज एवं लायन्स ऑफ नागदा में शौक की लहर व्याप्त रही। नगरवासी भी दु:ख की इस घडी में शौकमग्न परिजनों को ढांढस बंधाने उनके निवास पहुँचे। यह क्रम रात तक चलता रहा। नगर के अग्रणी व्यापारिक संस्थानों के प्रमुख परिवार के सदस्यगण ब्रजमोहन राठी, नरेन्द्र राठी, रमेश राठी, मुरलीधर राठी, घनश्याम राठी, अजय राठी, झमक राठी, मनोज राठी के साथ श्रीमती राठी के पुत्र रेयांश मुक्तिधाम पर उपस्थित थे। परिजनों द्वारा मुक्तिधाम हेतु 51 हजार रूपये की राशि प्रदान की गई।

माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ गोविन्दलाल मोहता, रमेश मोहता, राजेश मोहता, मनोज राठी बारदान, सतीश बजाज, राजेन्द्र मालपानी, आनन्दीलाल गगरानी, गिरीराज मालपानी, गोपाल मोहता, पंकज डांगरा, प्रतीक माहेश्वरी आदि उपस्थित थे। अंतिम यात्रा में कर्नाटक के राज्यपाल डॉ. थावरचन्द गेहलोत, पूर्व विधायक दिलीपसिंह शेखावत, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि ओपी गेहलोत, कांग्रेस नेता बाबुलाल गुर्जर, कृष्णकांत जायसवाल, भाजपा नेता धर्मेश जायसवाल, लायन्स उपप्रांतपाल पंकज मारू, लायन्स क्लब नागदा ग्रेटर के अध्यक्ष डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डेय, बसंत मालपानी, प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक चौहान, लायन्स क्लब नागदा के अध्यक्ष एनके मिश्रा, पीडी शुक्ला, मनीष गेहलोत, विनयराज शर्मा, सलीम खान, सुरेन्द्र कांकरिया, मनीष वोरा सालेचा, विजय पोरवाल, श्याम पोरवाल, सुनील त्रिवेदी सहित बडी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

### नेत्रदान से चार व्यक्तियों को मिलेगी नई

राठी परिवार की सहमती से श्रीमती राठी के नेत्रदान बिरलाग्राम स्थित जनसेवा हॉस्पिटल में कराया गया, यहाँ गीता भवन न्यास समिति की टीम ने पहुँच कर दान कराये गये नेत्रों को सुरक्षित प्राप्त किया। लायन पंकज मारू एवं जैन सोशल ग्रुप नागदा के नेत्रदान प्रभारी ब्रजेश बोहरा की सूचना पर गीता भवन न्यास समिति बड़नगर की टीम से डॉ. जी.एल. दरदरवाल, मनीष तलाच एवं परमानंद पंवार देर रात नागदा पहुंचे और 832वां नेत्रदान सफलतापूर्वक पूर्ण किया। डॉक्टरों की प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार, श्रीमती राठी के नेत्रों से चार व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आने की संभावना है। नेत्रदान की इस पुण्य प्रक्रिया के दौरान जैन सोशल ग्रुप नागदा के अध्यक्ष धर्मेन्द्र बम, राजेश मोहता, अजय राठी, प्रमोद मेहता, विनोद पोरवाल, सौरभ मेहता सहित कई समाजसेवी सदस्य उपस्थित रहे।

**एक नजर** | **श्री शेषणारायण मंदिर पर हुई मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज की बैठक**

# संगठन के पदाधिकारियों ने लिया निर्णय अन्नकूट 28 को मनाएंगे

**उज्जैन। मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट उज्जैन व संगठन के तत्वावधान में श्री शेषनारायण मंदिर 51 ढाबारोड मंदिर पर 56 भोग अन्नकूट एवं दिपावली मिलन समारोह 28 अक्टूबर मंगलवार को आयोजित किया जाएगा।**

अन्नकूट समिति अध्यक्ष राहुल वर्मा, कोषाध्यक्ष गौरव सेन, सचिव संदीप वर्मा ने बताया कि उक्त निर्णय श्री शेषणारायण मंदिर पर हुई मीटिंग में लिया गया। बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष अशोक राठौर, प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, ट्रस्टी कैलाश चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष गुडु पहलवान, ट्रस्ट कार्यवाह अध्यक्ष संतोष वर्मा, समिति संयोजक परमानन्द सेन, संतोष भाटी, देवेंद्र देवडा, विवाह समिति अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा सिलोदा रावल, जिला अध्यक्ष जगदीश देवडा, नगर अध्यक्ष ओम वर्मा लाहोरी, नगर युवा अध्यक्ष अर्जुन वर्मा, जिला संयोजक परमानंद सेन, उज्जैन दक्षिण अध्यक्ष सचिन वर्मा, मनोहर परमार, वीरेंद्र परमार, डॉ गौरी शंकर वर्मा, मदनलाल सोलंकी गिरदावर, राधेश्याम वर्मा दूध संघ, मनोहर लाल सेन अचलूखेड़ी, पप्पू वर्मा बगैरा, भारतलाल परमार चिखली, प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष नवीन वर्मा, प्रवीण भाटी, युवा प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोलंकी, महिला प्रदेश अध्यक्ष स्मिता सोलंकी, नगर अध्यक्ष निशा वर्मा, ओमप्रकाश भाटी बड़नगर, नगर अध्यक्ष ओम वर्मा लाहोरी, युवा नगर अध्यक्ष अर्जुन वर्मा, मंदिर व्यवस्थापक जगदीश वर्मा सिलोदा, संरक्षक ट्रस्टीगण देवनारायण वर्मा, मोहनलाल वर्मा, कैलाश वर्मा, सुरेश वर्मा, शंकरलाल परमार, मुलचंद वर्मा, सुभाष तंवर, प्रवीण भाटी, शिवनारायण सेन, कैलाश चौहान, सुरेश सौलंकी, विशाल चौहान, गुड्डू पहलवान, नवीन वर्मा, दिनेश सोलंकी, बाबूलाल वर्मा, जगदीश वर्मा, अर्जुन वर्मा, परमानंद वर्मा, सचिन वर्मा, संतोष भाटी, राहुल वर्मा, संदीप वर्मा सुरासा, गौरव सेन, रविंद्र वर्मा भेंसोदा, अमृत वर्मा, धर्मेन्द्र सेन उन्हेल, मुकेश भाटी (बड़नगर), अशोक भाटी, ईश्वर भाटी, प्रह्लाद भाटी, अनिल वर्मा, कुलदीप वर्मा, पकंज वर्मा, अनिल सेन, महेश परमार, विशाल सर्राफ, जितेंद्र परमार कचनारिया, आशीष परमार, सुनील वर्मा बालाजी, भगवानसिंह वर्मा, मोहनलाल वर्मा, विजय वर्मा, कैलाश वर्मा, सुभाष वर्मा, बद्रीलाल वर्मा (सर), राजाराम सेन भलाई, अजय वर्मा देवली, सुभाष वर्मा हेड सा., अशोक वर्मा (लसुड़लिया जगमाल), पुष्पेन्द्र परमार, विनोद परमार, गोपाल परमार, राहुल वर्मा (पिपली नाका), महेश वर्मा, देवेंद्र देवड़ा, ओमप्रकाश वर्मा सरपंच, गोवर्धनलाल वर्मा लेकोड़ा, रमेश चन्द्र वर्मा रालामंडल, सत्यनारायण वर्मा, लक्ष्मीनारायण वर्मा, अजय वर्मा देवास, जितेन्द्र परमार कचनारिया, घनश्याम वर्मा हरसौदन, पंकज वर्मा, आशिष वर्मा (गोलू), ईश्वर सोलंकी, महेश वर्मा (नलवा), पवन वर्मा, विजय सेन, सचिन सेन, राम सेन, श्याम सेन, जितेन्द्र सेन (पिपलीनाका), सुरेश वर्मा सोडंग, मंगेश देवड़ा, आदित्य देवड़ा, विवेक वर्मा, जितेंद्र सेन मोजमखेड़ी, पवन वर्मा, जय सेन, अभिषेक शर्मा व्यवस्थापक, राहुल वर्मा ताजपुर, रतनलाल भाटी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। सभी ने समाजजन से सपरिवार पधारने की अपील की। आभार प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान ने माना।

